दि आसाम वैली स्कूल

जागरण 2019

জাগৰণ

जागरण

जागरण

वार्षिक पत्रिका – 2019

प्रकाशक

भारतीय भाषा विभाग

दि असम वैली स्कूल

मुख्य संपादक : डॉ. राजेश कुमार मिश्र

सहायक संपादक : श्रीमान संजय दीक्षित

सहायक संपादक मण्डल : श्रीमान प्रेम कुमार सिंह

: श्रीमान अनिल कुमार यादव

: श्रीमती ममता मिश्रा

: श्रीमती मनदीप कौर

: डॉ. परिणीता गोस्वामी

: श्रीमती प्रार्थना बोरा फूकन

विद्यार्थी संपादक मण्डल : सिकुनप्रिया गोस्वामी

: आरव जैन

: आर्यन खाटूवाला

: वेदांश जिंदल

आवरण सज्जा : अनुष्का जोशी

: अनिकेत अनंत जोशी

: डॉ. राजेश कुमार मिश्र

फोटोग्राफ : श्रीमान प्रेम कुमार सिंह

संपादकीय पता : दि असम वैली स्कूल, बालीपारा, शोणितपुर (असम)

ईमेल का पता :rkm@assamvalleyschool.com

संपादक की कलम से.....

प्रिय सुधी पाठकगण,

भारतीय भाषा विभाग की वार्षिक पत्रिका जागरण के माध्यम से एक बार पुनः आपसे जुड़ते हुए मुझे अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी हमने अपनी इस पत्रिका में विद्यार्थियों की भावनाओं को पुष्पित और पल्लवित करने का अथक प्रयत्न किया है। बालमन की भावनाओं को शब्द-रूप में मूर्त करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

किसी भी विद्यालय की उत्कृष्टता की पहचान उसके विद्यार्थी होते हैं। अतः मेरी नज़रों में शिक्षा का उद्देश्य तभी सार्थक होता है, जब विद्यार्थी पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान में भी दक्ष हों। विद्यार्थियों की चंचलता और वैचारिकता को सृजनात्मकता में परिवर्तित करना ही शिक्षक का मूल ध्येय होता है। इसलिए हमने बाल-मनोभावों को कहानी, निबंध, यात्रा-संस्मरण एवं कविता के साथ-साथ चित्रात्मक स्वरूप में भी प्रस्तुत करने का पूर्ण प्रयास किया है। हमारा यही प्रयास रहा है कि विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थी इस रचनात्मक कार्य में अपनी अधिकतम् सहभागिता कर सकें। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विभाग ने ऑन लाइन पत्रिका के प्रकाशन की ओर कदम बढ़ाया है।

जागरण के सफल प्रकाशन हेतु संपादक होने के नाते सर्वप्रथम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान डॉ. विधुकेश विमल जी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिन्होंने विद्यालय में भारतीय भाषाओं के विकास में अपना असीम सहयोग प्रदान किया है। हिंदी विभाग के समस्त सहयोगियों श्रीमान संजय दीक्षित, श्रीमान प्रेम कुमार सिंह, श्रीमान अनिल कुमार यादव, श्रीमती ममता मिश्रा एवं श्रीमती मनदीप कौर जी का भी सहयोग के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। असमिया विभाग की भाषा अध्यापिका डॉ. परिणीता गोस्वामी एवं श्रीमती प्रार्थना बोरा फूकन के साथ-साथ बांग्ला भाषा के अध्यापक श्रीमान मल्हार रक्षित जी का भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने असमिया और बांग्ला भाषा की रचनाओं के संपादन में अपना अप्रतिम योगदान दिया। आशा करता हूँ कि आप हमारे नौनिहालों की रचनाओं को पुनः अपने हृदय में स्थान देकर हमें प्रेरित करेंगे। हम आपके सहयोग एवं सुझाव का सदैव स्वागत और सम्मान करते हैं।

डॉ. राजेश कुमार मिश्र

संपादक, जागरण

हिंदी विभाग

दि असम वैली स्कूल

बालीपारा, शोणितपुर

rkm@assamvalleyschool.com

hsmmu@assamvalleyschool.com

हिन्दी

रचना कोश

अनुक्रमणिका

पृष्ठ संख्या 1 – यह भारत देश हमारा, मेरा अभिमान तिरंगा, समय का पहिया

पृष्ठ संख्या 2 – मेरा भारत देश महान, बीते पल, इस कश्मकश का नाम है ज़िंदगी

पृष्ठ संख्या 3 – गाँधी, माँ

पृष्ठ संख्या 4 – सच्चा देशभक्त, सच्चा दोस्त, मेरा भारत महान, हमारा प्यारा हिंदुस्तान

पृष्ठ संख्या 5 – हौंसला, मेरा देश

पृष्ठ संख्या 6 – मोबाइल और रिश्ते, ज़िंदगी, क्यों डर लगता है मुझे

पृष्ठ संख्या 7 – भारतमाता का मंदिर, मेरी माँ

पृष्ठ संख्या 8 – पेड़ हमारे सच्चे साथी, भारत देश है सबसे प्यारा, मैंने देखा

पृष्ठ संख्या 9 – दीवारें बनीं घर

पृष्ठ संख्या 10 – गांधी : एक आदर्श, परिवर्तन

पृष्ठ संख्या 11 – आर्टिकल 370

पृष्ठ संख्या 12-13 – पाइका विद्रोह

पृष्ठ संख्या 14 – राजगुरु महापात्रा, गीता : एक प्रेरणा

पृष्ठ संख्या 15 – असली विजेता

पृष्ठ संख्या 16 – मैं जीत गया

पृष्ठ संख्या 17 – आखिर मैं बेहोश क्यों हुई ?

पृष्ठ संख्या 18 – गलती का एहसास

पृष्ठ संख्या 19 – छूकर मेरे मन को – हर्ष अग्रवाल

पृष्ठ संख्या 20 – छूकर मेरे मन को – आर्यन साहू

पृष्ठ संख्या 21 – छूकर मेरे मन को – ओजस ज्योति बोरा हजारिका

पृष्ठ संख्या 22 – छूकर मेरे मन को – कपीश हरसिंगपुरिया

पृष्ठ संख्या 23 – छूकर मेरे मन को – श्रुति कोठारी

पृष्ठ संख्या 24 – हिंदी वर्ग पहेली

पृष्ठ संख्या 25 – मेधा परीक्षण

पृष्ठ संख्या 26 – रास्ता ढूँढिए

पृष्ठ संख्या 27 – देखो हँस न देना

यह भारत देश हमारा

सदियों से सम्मानित पूजित
वेद-मंत्र, गीता से गुंजित
प्रेम-भाव सरिता से सिंचित
दुनिया भर से यह प्यारा
यह भारत देश हमारा।

यहाँ ऋषि मुनियों की वाणी
महापुरुषों की अमर कहानी
मानवता की अमिट निशानी
सकल विश्व से यह न्यारा
यह भारत देश हमारा।

गीता और कुरान यहाँ पर
गुरुवाणी का मान यहाँ पर
सकल गुणों की खान यहाँ पर
सबकी आँखों का तारा
यह भारत देश हमारा।

गुणकारी औषधियों का घर
अंतरिक्ष की शान यहाँ पर
सात स्वरों वास यहाँ पर
नदियों की कल-कल धारा
यह भारत देश हमारा।

काव्य बागरोडिया
कक्षा-दसवीं

मेरा अभिमान तिरंगा

तीन रंगों से सजा तिरंगा
भारत का अभिमान तिरंगा
सेना की है शान तिरंगा
भारत की पहचान तिरंगा।

वीरों की तलवार तिरंगा
खलिहानों का तेज तिरंगा
देशप्रेम की ज्योति तिरंगा
बलिदानों का भान तिरंगा।

खुशियों की सौगात तिरंगा
दुखियों का अवलंब तिरंगा
हर मानस के साथ तिरंगा
प्रेम-भाव से भरे तिरंगा।

जीवन का संचार तिरंगा
खुशहाली का भाव तिरंगा
मित्रों का है मित्र तिरंगा
दुश्मन का है काल तिरंगा।

शौर्य केडिया
कक्षा-दसवीं



समय का पहिया

समय का पहिया चले निरंतर
सबको यही सिखाता है
जो चलता है बिना रुके बस
मंजिल वह ही पाता है।

रुक जाने से थमता जीवन
गात शिथिल हो जाता है
गति के साथ कर्म जो करता
स्वस्थ वही कहलाता है।

सरिता हर पल कल-कल बहती
स्वच्छ नीर ले जाती है
ठहरे ताल के पानी में
दुर्गंध सदा ही आती है।

सम्राट गुप्ता
कक्षा-दसवीं

मेरा भारत देश महान

दुनिया भर के सब देशों में
सबसे ऊँची अपनी शान
प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता
मेरा भारत देश महान।

यहाँ सभी लोगों का स्वागत
सबका है सम्मान यहाँ
गंगा की इस अमर धरा-सा
दूजा कोई धाम कहाँ।

गीता और कुरान यहाँ पर
गौतम बुद्ध का ज्ञान यहाँ
राम-कृष्ण की कर्मभूमि-सा
कोई पावन धाम कहाँ।

वीर शहीदों की यह भूमि
प्यार दिलों में रचती है
मातृभूमि के दीवानों के
रग-रग में यह बसती है।

आरव जैन
कक्षा-दसवीं

बीते पल

समय गुजर जाने पर हमको
बीते पल याद आते हैं,
तन-मन में उल्लास जगाकर
बेचैनी कर जाते हैं।

बचपन का वह अल्हड़पन
दिल में शोर मचाता है,
मित्रों के संग खेल खेलना
सब कुछ ही याद आता है।

दिन की उछलकूद और मस्ती
फिर एक बार बुलाती है,
बीते गए जो बचपन में पल
उनकी फिर याद आती है।

हृदयांश गोयल
कक्षा-सातवीं

इस कश्मकश का नाम है ज़िंदगी

कसक हुई कुछ दिल में
आँख में हुई नमी
पूछ उठा हर अश्क मेरा
क्या इसी कश्मकश का नाम है ज़िंदगी ?

कुछ पंख फैलाती
कुछ जुनून में थरथराती
कहीं गिरती, कहीं संभलती
कुछ हिचकिचाती
कभी दबे पाँव आती
क्या इसी कश्मकश का नाम है ज़िंदगी ?

हर ज़र्रे में तू है
हवा के रुख़ में तू है
खुली आँखें तो,
खुले आसमान में तू है

हर साये, हर रास्ते
हर मक़ाम में तू है
हल्की-सी जो हुई आहट
तो भी तेरी ही गूँज
कैसी है यह कश्मकश
क्या इसी कश्मकश का नाम है ज़िंदगी ?
कभी कहीं तू सरल पहेली
कभी कहीं तू जवाब अनोखा
कभी कहीं तू अनसही उलझन
कभी कहीं तू प्यार का धोखा
कभी कहीं तू बहती जाती
कभी कहीं तू रुकी जवानी
क्या इसी कश्मकश का नाम है ज़िंदगी।
कुछ रिश्ते गहरे, कुछ हाथ छूटे
कुछ महकी आस, कुछ ख़्वाब टूटे
कुछ पाने की चाह कभी
कभी एक आरजू बिखरी
कभी मुकम्मिल जहां
कभी यह खालिश कहीं
कभी कहीं गुमराही, गुमनामी
कभी कहीं रुकती, थमती
जैसी भी है मेरी या तेरी
पर यही है वह कश्मकश
जिसका नाम है ज़िंदगी।

डॉ. पूजा जैन बैंजामिन
अध्यापिका अंग्रेजी विभाग

गांधी

एक महात्मा पहनके चश्मा
लेकर लाठी हाथ
गात में धोती, हाथ में लाठी
लिए सत्य का साथ।

मानवता के साथ अहिंसा
करता सदा प्रयोग
पाठ सिखाता गीता का वह
कर्म-वचन का योग।

देख देश की हालत उसने
छोड़ दिया सुख धाम
मानवता की रक्षा के हित
किए सदा सब काम।

ऊँच-नीच के भेदभाव को
उसने दूर भगाया
अपने अथक प्रयत्नों से
बदली देश की काया।

अंग्रेजों के मन में उसने
सत्य का खौफ़ जगाया
देश हुआ आज़ाद हमारा
वह राष्ट्रपिता कहलाया।

हमराज सिंह जस्सल
कक्षा-ग्यारहवीं

माँ

माँ ने हमको जन्म दिया
उसने सारा कष्ट सहा
चलना उसने सिखलाया
सदा प्यार ही दिखलाया।

घर पर हमें पढ़ाती है
खाना गरम खिलाती है
अच्छी बात बताती है
पढ़ना हमें सिखाती है।

बच्चों के संग रहती है
सब दुःख खुद ही सहती है
चैन नींद की देती है
हम सबसे कम सोती है

दुनिया की परवाह नहीं
माँ जैसी कोई छाँह नहीं

ईश्वर का वरदान है माँ
हम बच्चों की जान है माँ।

हिमांशु गोयनका
कक्षा-सातवीं

सच्चा देशभक्त

देश की खातिर जान लुटाना
शत्रु के दल पर चढ़ जाना
भारत माँ की लाज बचाना
यह है देशभक्त का काम।

सीमाओं पर हर पल डटना
अपने कदम न पीछे रखना
चुनौतियों से हरदम लड़ना
यह है देशभक्त का काम।

भूकंप हो या सूखा आए
नदियाँ बाँध तोड़ उफनाएँ
पीड़ित की जो मदद को आए
यह है देशभक्त का काम।

काश्वी अग्रवाल
कक्षा-सातवीं

सच्चा दोस्त

सच्चा दोस्त वही है
जो मुश्किल में साथ दे
गलत राह में जाने पर
हमको कसकर डाँट दे।

साथ हमारा कभी न छोड़े
हमसे मुख वह कभी न मोड़े
राह में जितने आएँ रोड़े
उनकी दिशा तुरंत वह मोड़े।
साथ हमेशा सच का पकड़े
हाथ कभी न मेरा झटके
अंधेरा हो अगर राह में
वह मेरी बाती बन जाए।

निशांता बोरा
कक्षा-पाचवीं

मेरा भारत देश महान

मेरा भारत बहुत महान
विश्व में अलग है इसकी शान
सुबह-सुबह चिड़ियों का डेरा
हर दिल में ईश्वर का बसेरा
सुबह उठे मस्ज़िद से अजान
मेरा भारत बहुत महान।

इसकी नदियाँ कल-कल बहतीं
खेतों में हरियाली भरतीं
कोयल मीठे गीत सुनाती
सब लोगों का मन बहलाती
मंदिर में घण्टों का नाद
मेरा भारत बहुत महान।

सिद्धी पाठक
कक्षा-सातवीं

हमारा प्यारा हिंदुस्तान

विश्व में है इसकी पहचान
हमारा प्यारा हिंदुस्तान
यहाँ सब धर्मों का सम्मान
हमारा प्यारा हिंदुस्तान।

हिमालय पर्वत सबसे महान
हमारा प्यारा हिंदुस्तान
यहाँ की नदियाँ हमारी जान
हमारा प्यारा हिंदुस्तान।

यहाँ सब रत्नों की है खान
हमारा प्यारा हिंदुस्तान
यहाँ वृक्षों में बसें भगवान
हमारा प्यारा हिंदुस्तान।

यहाँ सब पहने विविध परिधान
हमारा प्यारा हिंदुस्तान
हमें इस धरती पर अभिमान
हमारा प्यारा हिंदुस्तान।

सौम्या अग्रवाल
कक्षा- आठवीं

हौंसला

दिल में हमेशा एक प्रश्न होता है
आखिर सफलता कब आएगी ?
कोशिशों के बाद भी
मेहनत के साथ भी
यह भय बना रहता है।

समय तेजी से दौड़ता है
आशा की किरण चमकती है
जोश छलकता है, लेकिन
समय हमेशा किसका साथ देता है
यह भय बना रहता है।

दिल की धड़कने बढ़ती हैं
साँसें तेजी से चढ़ती हैं
जीत की आरजू जगती है
कहीं हम पिछड़ न जाएं
यह भय बना रहता है।

हौंसले बनते हैं
अरमान पनपते हैं
दूरियाँ घटती हैं
तभी अचानक मन में
तूफ़ान आने का
बात बिगड़ जाने का
यह भय बना रहता है।

कृष अग्रवाल
कक्षा- ग्यारहवीं

मेरा देश

हरियाली से भरी धरा पर
फूलों का श्रृंगार है
रंग-बिरंगी तितली इसके
सुंदर से परिधान हैं।

नदियों की बहती धारा से
मुखरित सुंदर तान है
सूरज की किरणों से जगमग
सुंदर सकल वितान है।

ऊँचे शिखर हिमालय के
देते औषधि का दान हैं
केसर की सुंदर क्यारी सब
काश्मीर की शान हैं।

सागर चरण पखारे इसके
रत्नों की यह खान है
सकल विश्व के सब देशों में
मेरा देश महान है।

सिकुनप्रिया गोस्वामी
कक्षा- ग्यारहवीं

मोबाइल और रिश्ते

भीड़ से भरी दुनियाँ में
हमारे पास समय कहाँ,
नज़र घुमाओ जिस तरफ
सब लगते हैं व्यस्त यहाँ।

मोबाइल की दुनिया में
सभी जन डूब रहे हैं,
अपनों के पास बैठे हुए
लेकिन फोन में डूब रहे हैं।

भाई-बहन और माता-पिता से
हम बहुत दूर हो गए हैं,
फोन के काल्पनिक जगत में
हम सब खो गए हैं।

जितने पास नहीं रिश्ते
उससे ज्यादा ऐप हैं,
मोबाइल में डूब चुके सब
अब रिश्तों में गैप हैं।

बसुमन लोहिया
कक्षा- दसवीं

ज़िंदगी

ज़िंदगी एक लहर की तरह
कभी उठती
तो कभी गिरती है,
ज़िंदगी एक किताब की तरह
कभी खुलती
तो कभी बंद होती है।
ज़िंदगी एक दौड़ की तरह
कभी तेज
तो कभी धीमी होती है,
ज़िंदगी एक मोड़ की तरह
कभी तीव्र
तो कभी सामान्य होती है।
ज़िंदगी खेल के मैदान की तरह
कभी जीतती
तो कभी यहाँ हार होती है,
ज़िंदगी एक परछाई की तरह
कभी लम्बी
तो कभी छोटी होती है।
ज़िंदगी एक उलझन की तरह
कभी सुलझी
तो कभी अनसुलझी रहती है,
ज़िंदगी एक पैग़ाम की तरह
कभी खुशी
तो कभी बेहद ग़म देती है।

उत्कर्ष अग्रवाल
कक्षा- दसवीं

क्यों डर लगता है मुझे ?

लोगों की भूखी निगाहों से
अतृप्त मन की आहों से
अकेली सूनसान राहों से
क्यों डर लगता है मुझे ?

मैं भी तो एक इंसान हूँ
सरलता की पहचान हूँ
फिर भी अकेली होने पर
क्यों डर लगता है मुझे ?

जैसी भी हूँ,अनमोल हूँ
खुद में बहुत ही मौन हूँ
अपने विचार बताने में
क्यों डर लगता है मुझे ?

ऐसा रूप दिया उस रब ने
इसको क्यों कोसा है सबने

लोगों की सोच से लड़ने में
क्यों डर लगता है मुझे ?

सृष्टि बजाज
कक्षा - आठवीं

भारत माता का मंदिर

भारत माता के मंदिर में
फिर न कोई दुश्मन आ पाए,
जान भले ही जाए मगर
कश्मीर न यह जाने पाए।

माँ कह दे आज सुपुत्रों को
कश्मीर जगाता है तुमको,
जागो राणा, जागो भामा
कश्मीर बुलाता है तुमको।

काली थी रात अमावस की
जब आर्यावर्त ही दहल गया,
रो पड़ा बिलखकर ननकाना
तक्षशिला पाक में समा गया।

कट गईं भुजाएं जननी की
बन गया पाक और भारत देश,
असंख्य शहीद हो चले गए
बँट गया अपना प्यारा स्वदेश।

रक्षा कर लो डल झेलम की
बिखरा न सकें अरि अंगारे,
जान भले ही जाए मगर
कश्मीर नहीं जाने पाए।

अनिल कुमार यादव
हिंदी अध्यापक

मेरी माँ

जब मैं हँसता, वह भी हँसती
मुझे कभी न रोने देती
कोई भी पीड़ा आने पर
मेरे सारे दुःख हर लेती।

मुझे खिलाकर तब खुद खाती
कभी-कभी भूखी रह जाती
मुझे सुलाती सूखे बिस्तर पर
वह खुद गीले पर सो जाती।

मुझे कभी चोट लगने पर
उसने सारा दर्द उठाया
मैं दुनिया में खुशनसीब हूँ
मेरे ऊपर है माँ का साया।

दुनिया सारी क्षणभंगुर है
न जाने कब क्या हो जाए
माँ की ममता है जिसके संग
उसे कष्ट कभी छू न पाए।

दुनिया भर की सुख-सुविधाएँ
छोड़ हमेशा माँ को चुनना
माँ से हारे सभी देवगण
माँ की हमेशा पूजा करना।

आर्यन खाटूवाला
कक्षा - ग्यारहवीं

माँ और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती हैं।

पेड़ हमारे सच्चे साथी

पेड़ हमारे सच्चे साथी
हरदम साथ निभाते हैं
फल और फूल हमें देकर
सारा जग महकाते हैं।

जहाँ कहीं भी धूप निकलती
छाया हमें दिलाते हैं
औषधियाँ देकर हम सबको
जीवन स्वस्थ बनाते हैं।

लगती जब भी भूख किसी को
ताज़े फल तुरत खिलाते हैं
वर्षा लाकर तप्त धरा की
तुरत ही प्यास बुझाते हैं।

निहाल जजोडिया
कक्षा - सातवीं

भारत देश है सबसे प्यारा

भारत देश है सबसे प्यारा
आओ इसे सजाएँ हम,
ये है अपनी धरती माता
इसको शीश नवाएँ हम।

तिलक, बोस, आज़ाद है जन्में
इस भारत की भूमि पर,
आओ गर्व करें हम अपने
देश के वीर जवानों पर।

भारत की धरती पर रहते
हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई,
आपस के भाईचारे से
दुनिया में तारीफ़ है पाई।

यह संस्कृति का देश है यारों
इस धरती पर स्वर्ग है यारों,
इसका तिरंगा सबसे प्यारा
भारत अपना देश है न्यारा।

अनन्या यादव
कक्षा - चौथी

मैंने देखा है

दुनिया बदल गई है
यह सबको कहते देखा है
पर मैं यह कैसे कह दूँ
जब बहुत देखना बाकी है
मैंने देखा इस दुनिया को
अक्सर रंग बदलती है
कहती है कुछ किसी एक से
दूजे से कुछ कहती है।

किस्मत को रोते देखा है
मैंने बहुत से लोगों को
कर्म के पथ से हटते देखा
मैंने कुछ इंसानों को
ईमानदार का जीना मुश्किल
मौज कर रहे झूठे हैं
अपनी धुन में लगे हुए बस
परहित में सब रीते हैं।

दुष्कर्मों की ख़बरें सुनकर
गुस्सा मन में आता है
जालिम को क्यों सज़ा में देरी
सोच के मन घबराता है
घुट-घुट कर मरते देखा है
मेहनत करने वालों को
मौज तरक्की करते देखा
साहब जी के प्यादों को।

अंशु कुमारी
कक्षा - ग्यारहवीं

दीवारें बनीं घर

हम सबका एक ही घर होता है- वह घर जहाँ हमारा बचपन गुज़रा, जहाँ हमारे माँ-बाप रहते हैं और जहाँ हमने सारे सुख दुख देखे और जीवन के सभी पलों को जिया। पर..... आज मेरे पास एक नहीं दो घर हैं। एक मेरा अपना घर और एक मेरा स्कूल – दि असम वैली स्कूल। जब मैं अपने पहले दिन को याद करती हूँ तो मुझे यकीन नहीं आता कि कैसे कुछ ही सालों में मुझे एक अंजान जगह से इतना लगाव हो गया कि मन करता है कि पूरी ज़िंदगी ही यहाँ गुजार दूँ। लेकिन जीवन चलते रहने का नाम है।

आज पाँच सालों बाद जब मैं स्कूल में अपने पहले दिन को याद करती हूँ तो मुझे एक अलग सा एहसास होता है। मैं यहाँ कक्षा आठ में दाखिले के लिए 2015 में आयी थी। जब मेरी माँ ने मुझसे पूछा कि क्या तुम्हें असम वैली स्कूल में पढ़ना है, तब मैंने बड़ी खुशी से वहाँ पढ़ने का मन बना लिया था और जब मैं प्रवेश परीक्षा देने आई तो स्कूल देखकर मेरे पैरों तले ज़मीन ही खिसक गयी। मैंने इतना बड़ा स्कूल पहले कभी नहीं देखा था। स्कूल परिसर देखने के लिए जब मुझे एक जगह से दूसरी जगह ले जाया गया तो मुझे लगा कि मैं किसी भूल भुलैया में आ गयी हूँ। स्कूल देखते देखते मेरे पैरों में दर्द सा होने लगा था। इतना बड़ा स्कूल भी होता है मुझे तब समझ में आया। वहाँ का मौसम बहुत खुशनुमा था। सब कुछ सोच विचारकर मैंने अपना मन बना लिया था कि मुझे यहीं पर पढ़ना हैं। प्रवेश परीक्षा के चार दिनों के बाद अपना परिणाम देखकर मेरी यह कामना पूरी हो गयी और मेरा दाखिला दि असम वैली स्कूल में हो गया। मैंने खुशी खुशी स्कूल जाने की तैयारी की और आखिर वह दिन आ ही गया जब मुझे अपना घर छोड़कर जाना पड़ा।

घर छोड़ते समय मुझे थोड़ा दुख तो हुआ कि क्या पता वहाँ घर जैसा माहौल मिलेगा या नहीं पर अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक दिन सबको अपना घर छोड़ना ही पड़ता है, इसलिए थोड़ी देर बाद ही मेरा यह दुख दूर हो गया क्योंकि अब मुझे अपने जीवन के सपनों को भी साकार करना था। 10 घंटे की थकान भरी यात्रा के बाद जब मैं स्कूल पहुँची तब मुझे कोपिली सदन ले जाया गया। जब मेरा सामान मेरे कमरे में रखवा कर मेरे माता-पिता वहाँ से जाने की तैयारी करने लगे तब उस पल मुझे अंदर से बहुत ही दुख हुआ और मैं रो पड़ी। मुझे रोता देखकर मेरे माता- पिता भी अपने आँसू न रोक पाये। उनके जाने के बाद हॉस्टल की लड़कियों ने मुझे संभाला और मुझे यहाँ के बारे में बताने लगीं। धीरे धीरे सब मेरी अच्छी दोस्त बन गईं और मुझे अपनेपन का एहसास होने लगा।

मेरे हॉस्टल की दीवारों ने कब घर का रूप ले लिए मुझे पता ही नहीं चला। मैं यहाँ के परिवेश में पूरी तरह से ढल गयी। आज मैं यहाँ बहुत खुश हूँ और मुझे पता है कि कुछ महीनों बाद ही मेरी पढ़ाई पूरी हो जाएगी और मुझे यहाँ से जाना होगा। शायद यहाँ से जाने पर मेरी आँखों में उतने ही आँसू होंगे जितने यहाँ आने के समय मेरी आँखों में थे। ज़िंदगी के ये चार साल मेरे जीवन में हमेशा अविस्मरणीय रहेंगे।

शगुन अग्रवाल
कक्षा – ग्यारहवीं

गांधी : एक आदर्श

भारत के राष्ट्रपिता कहलाने वाले गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था। बचपन में वे आम बालकों के समान शरारती और असहज क्रियाकलाप करने वाले थे। धीरे-धीरे वे जैसे-जैसे बड़े होते गए वैसे-वैसे उनमें अकल्पनीय परिवर्तन होते चले गए। उनके आचरण और व्यवहार में आए सकारात्मक परिवर्तनों ने उन्हें एक आम आदमी से आदर्श व्यक्ति बनने का मार्ग प्रशस्त किया। गांधी जी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा भारत में और उच्च शिक्षा विदेश से अर्जित की। जब वे उच्च शिक्षा के लिए विदेश गए तो उनके मन में एक व्यावसायिक रूप से सफल व्यक्ति बनने की इच्छा थी लेकिन जब वे विदेश से वापस लौटे तो उनका लक्ष्य परिवर्तित हो चुका था।

गांधी जी ने न केवल भारत की आज़ादी में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया वरन् विश्व-पटल पर होने वाले अन्याय के खिलाफ़ भी अपनी आवाज़ बुलंद की। दक्षिण अफ्रीका में काले-गोरे के बीच होने वाले भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ भी गांधी जी ने आंदोलन चलाया और जिसमें उन्हें जीत हासिल हुई। भारत को गुलामी की जंजीरों से आज़ाद कराने के लिए उन्होंने भारत के जनमानस को एक ध्वज के नीचे एकत्रित किया। लोगों को साथ लेकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ भी आंदोलन खड़े किए। भारत में फैली हुई जाति-पाँति की खाई को पाटने के लिए भी गांधी जी अनेक प्रयास किए। गांधी जी के अथक प्रयासों के कारण ही भारत में जन-जागरण हुआ। भारत के लोग उनको पिता के समान मानकर उनका आदर किया करते थे। गांधी जी ने भारत के लोगों को यह भी सिखाया कि दमन के खिलाफ आवाज़ उठाने से ही दमन का अंत किया जा सकता है लेकिन हमें कभी भी हिंसा का सहारा नहीं लेना चाहिए क्योंकि हिंसा से हिंसा पर विजय नहीं प्राप्त की जा सकती।

भारत के लोगों को सत्य और अहिंसा की अमोघ शक्ति गांधी जी ने ही प्रदान की। सत्याग्रह और असहयोग जैसे बड़े-बड़े आंदोलनों को खड़ाकर गांधी जी ने यह दिखा दिया कि अहिंसा में कितनी बड़ी शक्ति होती है। गांधी जी का सबसे बड़ा सिद्धांत था कि बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत बोलो। गांधी जी ने जीवन पर्यन्त अपने बनाए सिद्धांतों का पालन कर लोगों के समक्ष एक आदर्श आचरण प्रस्तुत किया। आज सभी भारतवासी गांधी जी को राष्ट्रपिता के रूप में याद करते हैं। आज हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी गांधी के विचारों को सराहा जाता है। वे केवल हमारे ही पूज्य नहीं हैं बल्कि सारा विश्व गांधी को एक महामानव मानकर उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करता है।

गांधी विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा-स्रोत हैं। आज हम गांधी को एक व्यक्ति न मानकर एक विचार मानते हैं। गांधी जी समय को बहुत ही मूल्यवान मानते थे और यही कारण था कि वे हमेशा अपनी कमर में घड़ी को लटकाकर रखते थे। गांधी जी को समय व्यर्थ करना बिल्कुल पसंद नहीं था। यदि विद्यार्थी गांधी जी के विचारों में से समय-पालन और सादगी के विचारों को अपना ले तो सहजता से सफलता मिल सकती है।

कृतार्था कौशिक
कक्षा – सातवीं

परिवर्तन

परिवर्तन प्रकृति का नियम है। सृष्टि के कण-कण में परिवर्तन अनिवार्य रूप से दिखाई देता है। बिना परिवर्तन के संसार धीरे-धीरे नीरस

हो जाएगा। परिवर्तन से ही जीवंतता बनी रहती है। यदि हम एक से स्वरूप का अवलोकन करते रहें तो निश्चित ही उससे मन में बोझिलता का भाव आने लगता है। प्रकृति भी समयानुसार अपने अंदर परिवर्तन लाकर लोगों को आकर्षित करती रहती है। लोगों की आदत एवं प्रकृति भी परिवर्तनीय है। वह कभी किसी के प्रति अच्छा हो जाता है तो कभी किसी के प्रति बुरे व्यवहार का प्रदर्शन करने लगता है। मानव जाति भी परिवर्तन के सूत्र में बँधी हुई है। यदि भोजन भी मनुष्य को एक जैसा मिलता रहे तो एक ऐसा समय अवश्य आएगा जब वह उससे ऊब जाता है। यही कारण है कि हम बदलाव के साथ रहना बेहतर मानते हैं।

आज हम देश की परिस्थिति की समीक्षा करें तो हम पाएंगे कि समाज में अराजकता और असहिष्णुता का मुख्य कारण मानवीय व्यवहार ही है। यदि यह मानवीय व्यवहार समाज के प्रति अपेक्षित नहीं होता है तो समाज में विसंगतियाँ पैदा होती हैं और इन्हीं विसंगतियों के कारण सामाजिक द्वेष की भावना का जन्म होता है। यदि हम विश्व-पटल की चर्चा करें तो हम देखते हैं कि सामाजिक स्थिरता और तटस्थता ने ही क्रांतिकारी परिवर्तन को जन्म दिया है। भारत देश के परिपेक्ष्य में यह देखें तो हम पाएंगे कि कभी भारत सोने की चिड़िया कहलाता था लेकिन आज वह आर्थिक मंदी से जूझता हुआ राष्ट्र है जिसके पास न जाने अशिक्षा, भुखमरी और बेरोजगारी समेत कितनी समस्याएँ हैं। आने वाले समय में इनका भी कोई न कोई हल निकलेगा और यह राष्ट्र पुनः उसकी अपनी सुनहरी पहचान को हासिल करेगा। मेरा मानना है कि सामाजिक सोच ही परिवर्तन का प्रथम चरण है।

आज का समय जनजागरण का समय है। लोगों की सोच तेजी से बदल रही है और यह बदलती हुई सोच ही मानव को परिवर्तन की ओर ले जाकर एक नवीन राष्ट्र को जन्म देगी। संसार में कुछ भी स्थिर नहीं है। अस्थिर संसार में किसी भी चीज़ को स्थिर रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। आज धीरे-धीरे विश्व में मीडिया का प्रभाव बढ़ रहा है जिसके परिणामस्वरूप जागरूकता का संचार दिखाई देता है। यही जागरूकता परिवर्तन का प्रथम कारक बनती है। जलवायु परिवर्तन भी लोगों की सोच एवं अन्य गतिविधियों में परिवर्तन के लिए उत्तरदायी है। एक छोटे से उदाहरण के द्वारा मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ कि परिवर्तन तब होता है जब हमें या तो बहुत ही अच्छे परिणाम मिल रहे हों या परिणाम हमारे लिए नुकसानदायक साबित हो रहे हों।

आज समाज में नवीन चेतना का भाव जन्म ले रहा है। यही कारण है कि पॉलीथीन की लम्बी समय तक गुलामी में रहने के बाद आज लोगों को इसके होने वाले दुष्परिणामों से डर लगने लगा है। इससे भयभयीत होकर आज एक विश्वव्यापी सहमति उभरकर आ रही है कि पॉलीथीन के प्रयोग को प्रतिबंधित करना होगा जिससे मानव एवं जीव जाति के हितों की रक्षा की जा सके। इसी प्रकार जल संकट का कारण भी मनुष्य ही है और इस संकट की भयावह स्थिति को देखकर आज हम जल संकट से उबरने के लिए अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण को सुंदर बनाने के बारे में सोचना शुरू कर रहे हैं। अंत में मैं यही कहना चाहूँगा कि संकट के भय से ही परिवर्तन जन्म लेता है।

नीरज शर्मा

कक्षा – दसवीं

आर्टिकल 370

एक दिन अचानक कश्मीर में फ़ौज की सरगर्मी तेज हो गई। अचानक कश्मीर में फ़ौजियों की संख्या बढ़ने के कारण कश्मीर के राजनैतिक गलियारों में चर्चा होने लगी कि कश्मीर में कुछ बड़ा होने वाला है। यह सभी घटनाएँ इतनी गोपनीय तरीके से हो रही थीं कि किसी को कुछ सोचने समझने का समय ही नहीं मिला। सड़कों, गलियारों और टी. वी. पर आने वाली बहसों में यह चर्चा तो अवश्य थी कि कुछ तो अवश्य होने वाला है लेकिन यह किसी को अंदाजा नहीं था कि क्या होने वाला है ? कुछ दिनों बाद एक

दिन अचानक यह खबर सामने आयी कि भारत सरकार ने कश्मीर से धारा 370 और 35 ए. समाप्त कर दिया है। इस सूचना के बाहर आते ही राजनेताओं ने अपनी बयानवाजी शुरू कर दीं लेकिन उसका जनमानस पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ रहा था। कश्मीर और कश्मीरियों की सुरक्षा के लिए बड़ी मात्रा में सैनिक बल की तैनाती हो चुकी थी और विघटनकारी बयान देने वाले नेताओं के ऊपर सख्ती कर दी गई जिससे वे किसी प्रकार की अराजकता न फैला सकें। इतनी बड़ी प्रतिक्रिया देखकर मन में यह प्रश्न आना स्वाभाविक था कि यह धारा क्या है और इसके अस्तित्व को लेकर लोग इतनी प्रतिक्रियाएँ क्यों दे रहे हैं मैंने धारा 370 के अब तक के अस्तित्व के विषय में जानने के लिए संबंधित दस्तावेजों को खोजने का प्रयास शुरू किया। मुझे पता चला कि भारत की आज़ादी के बाद कुछ राजा आज़ाद हिंदुस्तान के साथ स्वेच्छा से जुड़ गए और कुछ राजा अपनी कुछ शर्तों के साथ भारतीय गणराज्य में आ मिले। दक्षिण भारत के राजाओं को भारत के साथ जोड़ने का काम सरदार बल्लभ भाई पटेल ने शुरू किया और उन्होंने इस काम में सफलता भी प्राप्त की। लेकिन कश्मीर के राजा हरिसिंह ने भारत के साथ जुड़ने की इच्छा नहीं जाहिर की। हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनको भारत में मिलाने के लिए अनेक प्रयास किए।

कुछ नाटकीय घटनाक्रम चलने के बाद सभी लोग उचित समय आने का इंतज़ार करने लगे। पाकिस्तान ने कश्मीर को अपने देश में मिलाने के लिए कबाइलियों का एक बड़ा दशता कश्मीर भेजा। जब राजा हरिसिंह को यह जानकारी मिली तो वे घबरा गए और उन्हें समझ में आ गया कि बिना भारत में विलय के कश्मीर का अपना कोई अस्तित्व नहीं बचेगा। यह विचार कर उन्होंने भारत के साथ कश्मीर के विलय का प्रस्ताव रखकर भारत सरकार से सुरक्षा की माँग की। भारतीय सेना कश्मीर की रक्षा के लिए वहाँ पहुँची और उसने कबाइलियों को कश्मीर से खदेड़ने का काम शुरू कर दिया। कश्मीर के काफी बड़े भूभाग से कबाइलियो को पीछे तो धकेल दिया गया लेकिन पाकिस्तान ने अपनी नापाक हरकत से कश्मीर एक बड़ा हिस्सा अपने कब्जे में लिया और अपना दावा ठोक दिया।

कश्मीर के भारत में विलय के समय उस राज्य को कुछ अतिरिक्त सुविधाएँ देने के विचार से अस्थायी रूप से धारा 370 और आर्टिकल 35 ए. को अस्तित्व में लाया गया। यह धारा इसलिए रखी गई जिससे वहाँ के लोग धीरे-धीरे अपने देश के साथ घुलमिल जाएं और वहाँ की सांस्कृतिक विरासत को देश के साथ साझा कर सकें। विघटनकारी शक्तियों के बहकावे में आकर लोग अस्थायी व्यवस्था को संविधान से ऊपर मानकर कश्मीर की जनता को भड़काने का काम करने लगे। इस धारा के अस्तित्व में होने के कारण कश्मीर अनेक आतंकी गतिविधियों का शिकार रहा और वहाँ की जनता भारत की मुख्य धारा से कटकर रहने लगी जिसके कारण इस धारा को हटाना आवश्यक हो गया था। धारा 370 हटने के बाद ही कश्मीर का सर्वांगीण विकास संभव था। राजनैतिक इच्छाशक्ति के बलवती होने के परिणामस्वरूप इसे समाप्त कर एक देश एक विधान एक संविधान के सपने को साकार किया गया। अब ऐसा लगता है कि कश्मीर भारत के अन्य राज्यों की तरह तेजी से अपना विकास करेगा। भारत में चलने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ वहाँ की जनता को मिल सकेगा। हमें खुशी है कि अब हमारा देश कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक ही संविधान रखता है। इससे हमारा देश और मजबूत होगा।

आरव जैन

कक्षा – दसवीं

पाइका विद्रोह

भारत को आज़ाद हुए एक लम्बा समय व्यतीत हो चुका है। लेकिन आज भी हम इतिहास के पन्नों को खंगालकर भारतीय स्वाधीनता संग्राम के तथ्यों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं। भारतीय इतिहास में 1857 को प्रथम स्वाधीनता संग्राम माना जाता है, अब सरकार उस इतिहास में बदलाव करने पर

विचार कर रही है। 1857 की क्रांति से पहले हुए 1817 के पाइका विद्रोह को पहला संग्राम मानने की सिफ़ारिश केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री श्रीमान प्रकाश जावडेकर ने की है।

1817 में ओडिशा में हुए पाइका विद्रोह ने पूर्वी भारत में कुछ समय के लिए ब्रिटिश राज की जड़े हिला दी थीं। मूल रूप से पाइका ओडिशा के उन गजपति शासकों के किसानों का असंगठित सैन्य दल था, जो युद्ध के समय राजा को सैन्य सेवाएं मुहैया कराते थे और शांतिकाल में खेती करते थे। इन लोगों ने 1817 में बक्शी जगबंधु विद्याधर के नेतृत्व में ब्रिटिश राज के विरुद्ध बगावत का झंडा उठा लिया था।

खुर्दा के शासक परंपरागत रूप से जगन्नाथ मंदिर के संरक्षक थे और धरती पर उनके प्रतिनिधि के तौर पर शासन करते थे। वे लोग ओडिशा के लोगों की राजनीतिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता का प्रतीक थे। ब्रिटिश राज ने ओडिशा के उत्तर में स्थित बंगाल प्रांत और दक्षिण में स्थित मद्रास प्रांत पर अधिकार करने के बाद अंग्रेजों ने 1803 में ओडिशा को भी अपने अधिकार में कर लिया था। उस समय ओडिशा के गजपति राजा मुकुंददेव द्वितीय अवयस्क थे और उनके संरक्षक जय राजगुरु द्वारा किए गए शुरुआती प्रतिरोध का अंग्रेजों द्वारा क्रूरता पूर्वक दमन किया गया और जयगुरु के शरीर के जिंदा रहते हुए ही टुकड़े कर दिए गए।

कुछ सालों के बाद गजपति राजाओं के असंगठित सैन्य दल के वंशानुगत मुखिया बक्शी जगबंधु के नेतृत्व में पाइका विद्रोहियों ने आदिवासियों और समाज के अन्य वर्गों का सहयोग लेकर बगावत कर दी। पाइका विद्रोह 1817 में आरंभ हुआ और बहुत ही तेजी से फैल गया। हालांकि ब्रिटिश राज के विरुद्ध विद्रोह में पाइका लोगों ने अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन किसी भी मायने में यह विद्रोह एक वर्ग विशेष के लोगों के छोटे समूह का विद्रोह भर नहीं था।

घुमसुर जो कि वर्तमान में गंजम और कंधमाल जिले का हिस्सा है, वहाँ के आदिवासियों और अन्य वर्गों ने इस विद्रोह में सक्रिय भूमिका निभाई। वास्तव में पाइका विद्रोह के विस्तार का सही अवसर तब आया, जब घुमसुर के 400 आदिवासियों ने ब्रिटिश राज के खिलाफ बगावत करते हुए खुर्दा में प्रवेश किया। खुर्दा, जहाँ से अंग्रेज भाग गए थे, वहाँ की तरफ कूच करते हुए पाइका विद्रोहियों ने ब्रिटिश राज के प्रतीकों पर हमला करते हुए पुलिस थानों, प्रशासकीय कार्यालयों और राजकोष में आग लगा दी।

पाइका विद्रोहियों को कनिका, कुजंग, नयागढ़ और घुमसुर के राजाओं, जमींदारों, ग्राम प्रधानों और आम किसानों का समर्थन प्राप्त था। यह विद्रोह बहुत तेजी से प्रांत के अन्य इलाकों जैसे पुर्ल, पीपली और कटक में फैल गया। विद्रोह से पहले तो अंग्रेज चकित रह गए। लेकिन बाद में उन्होंने आधिपत्य बनाए रखने की कोशिश की लेकिन उन्हें पाइका विद्रोहियों के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। बाद में हुई कई लड़ाइयों में विद्रोहियों को सफलता मिली, लेकिन तीन महीनों के अंदर ही अंग्रेज अंतत: उन्हें पराजित करने में सफल रहे।

इसके बाद दमन का व्यापक दौर चला जिसमें कई लोगों को जेल में डाला गया और अपनी जान भी गँवानी पड़ी। बहुत बड़ी संख्या में लोगों को अत्याचारों का सामना करना पड़ा। कई विद्रोहियों ने 1819 तक गुरिल्ला युद्ध लड़ा, लेकिन अंत में उन्हें पकड़ कर मार दिया गया। बक्शी जगबंधु को अंतत: 1825 में गिरफ्तार कर लिया गया और कैद में रहते हुए ही सन् 1829 में उनकी मृत्यु हो गई।

हालाँकि पाइका विद्रोह को ओडिशा में बहुत ऊँचा दर्जा प्राप्त है और वहाँ के बच्चे अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई में वीरता की कहानियाँ पढ़ते हुए बड़े होते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से इस विद्रोह को राष्ट्रीय स्तर पर वैसा महत्व नहीं मिला जैसा कि मिलना चाहिए था। भारत सरकार ने इस विद्रोह को समुचित पहचान देने के लिये ही इस घटना की 200 वीं वर्षगांठ को उचित रूप से मनाने का निर्णय लिया है।

(संकलित)

रचित अग्रवाला
कक्षा – ग्यारहवीं

राजगुरु महापात्रा

शिवराम हरि राजगुरू महापात्रा का जन्म 24 अगस्त 1908 को पूणे जिले के खेड़ा ग्राम में हुआ था। राजगुरू भरतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महान क्रांतिकारी थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में राजगुरू का बलिदान एक महान घटना थी। इस महान क्रांतिकारी को भगतसिंह और सुखदेव के साथ 23 मार्च 1931 को फाँसी पर लटका दिया गया था। इनके बलिदान ने भारतीय क्रांति में हलचल पैदा कर दी थी। इनके बचपन के कुछ मित्र इन्हें गुरु कहकर भी पुकारते थे।

राजगुरू बचपन से ही क्रांतिकारी विचारों के धारक थे। छः वर्ष की छोटी-सी आयु में इनके पिता की मृत्यु हो गई जिसके कारण यह वाराणसी शिक्षा ग्रहण करने आ गए। राजगुरू को संस्कृत सीखने की बहुत ललक थी। राजगुरू ने हिंदुओं के अनेक पवित्र ग्रंथों के अध्ययन के साथ-साथ वेदों का भी ज्ञान प्राप्त किया। राजगुरू को लघु सिद्धांत कौमुदी जैसे क्लिष्ट ग्रंथ भी कंठस्थ थे। बचपन से ही इनको अपने स्वास्थ्य के प्रति बेहद लगाव था। वे नियमित व्यायाम करते और शरीर को फुर्तीला रखने के लिए दौड़ भी लगाते थे। भारतीय महापुरुषों में इन्हें छत्रपति शिवाजी बहुत ही प्रिय थे। इनको उनकी युद्धकला बेहद रुचिकर लगती थी।

वाराणसी में विद्याध्ययन के समय इनका संपर्क देश के अनेक क्रांतिकारियों से हुआ और उनसे प्रभावित होकर राजगुरू हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी से जुड़ गए। अनेक क्रांतिकारी इनकी पहचान को गोपनीय रखने के लिए इन्हें रघुनाथ के नाम से पुकारते थे। इनके प्रमुख क्रांतिकारी मित्रों में चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह और यतीन्द्रनाथ दास आदि शामिल थे। सभी क्रांतिकारियों में इनका निशाना सबसे अचूक था। इसी कारण साण्डर्स की हत्या करने की योजना में राजगुरू को शामिल किया गया। चंद्रशेखर आजाद इन तीनों क्रांतिकारियों को बेहद प्यार करते थे। इसलिए वे उनके साथ साये की तरह रहते थे।

साण्डर्स की हत्या के बाद इस क्रांतिकारी को पकड़ लिया गया और 23 मार्च 1931 को भगत सिंह और सुखदेव के साथ लाहौर के सेण्ट्रल जेल में फाँसी की सजा दे दी गई। इस महान क्रांतिकारी के बलिदान के बाद देश में आक्रोश की लहर उमड़ पड़ी और वह विद्रोह की आग इतनी भयानक हुई कि एक दिन अंग्रेजों को भारत छोड़कर जाना पड़ा। इस महान क्रांतिकारी का नाम आज भी भारत के इतिहास में आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है।

(संकलित)

मेहुल अग्रवाला

कक्षा - ग्यारहवीं

गीता : एक प्रेरणा

मानव एक विकासशील प्राणी है। विकास की इस दौड़ में मानव को आधुनिकता ने सबसे अधिक प्रभावित किया है। आधुनिकता की दौड़ में इनसान चारों ओर से इक्कीसवीं सदी के चमत्कारों से घिरकर अपनी आध्यामिकता को एक किनारे करता जा रहा है। यदि हम आज मनुष्य के जीवन का अध्ययन करें तो पाएंगे कि वह अपने जीवन का सर्वाधिक समय मोबाइल, कम्प्यूटर और गाड़ी के साथ व्यतीत करता है। इन सभी आकर्षणों से वह इतना जकड़ा हुआ है कि उसे अपने विवेक के प्रयोग करने का समय ही प्राप्त नहीं होता है। मैं मानता हूँ कि इन सभी वस्तुओं ने जीवन को सहज एवं सरल बनाकर मानवता पर बहुत बड़ा उपकार किया है लेकिन यह भी सच है कि सहजता और सरलता प्रदान करने वाले इन साधनों ने मानवीय सोच को अपने तक ही सीमित भी कर लिया है।

आधुनिक युग के युवा धीरे-धीरे जीवन के वास्तविक अर्थ से दूर होते चले जा रहे हैं। आज उनका ध्येय केवल आत्मकेंद्रित होकर रह गया है। आधुनिक संसाधनों के प्रयोग ने हमें विकास की ऊँचाइयों तक तो पहुँचा दिया है लेकिन भावनात्मक रूप से काफी कमजोर भी कर दिया है। यही कारण है कि विकास

की इस अंधी दौड़ में यदि कोई युवा स्वयं को बनाए रखने में असफल महसूस करता है तो वह जीवन त्यागने जैसे कठोर कदम भी उठाने से पीछे नहीं रहता। विकास की प्रतिस्पर्धा में लगे हुए माता-पिता भी अपने बच्चों को समुचित समय नहीं दे पाते जिसके कारण बच्चों का उनके प्रति लगाव धीरे-धीरे कम होता जा रहा है।

भारत हमेशा से ही आध्यात्म का केंद्रबिन्दु रहा है। इसने सारे संसार को सत्य की झलक दिखाई है। दुनिया का मार्गदर्शन करने वाला देश आज स्वयं भटकाव की स्थिति से गुजर रहा है। आज हमारे देश के युवाओं को उसी आध्यात्मिक संबल की आवश्यकता है जो उनका सही मार्गदर्शन कर सके। भारतीय दर्शन के क्षेत्र में गीता हमारी सच्ची मार्गदर्शक हो सकती है जो मानव मात्र को कल्याण और शांति का मार्ग बताती है। आज आवश्यकता है कि हम अपने ही देश के इस महान ग्रंथ को पढ़कर अपना आध्यात्मिक विकास करें। यह पुस्तक वह शक्ति रखती है जो समस्त युवाओं को इस संक्राति काल में भी उचित दिशा बोध करा सकती है।

मेरी नज़र में गीता एक धार्मिक ग्रंथ न होकर एक आध्यात्मिक क्रांति पैदा करने वाला ग्रंथ है। जो लोग इसे किसी धर्म के चश्मे से देखने का प्रयास करते हैं, वे वास्तव में देश के भोले भाले लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। वे नहीं चाहते कि देश के लोग सच्चाई को जानकर उसको अपने जीवन में उतारें और समर्थ बन सकें। गीता में दिए हुए मेरे एक प्रिय श्लोक में कहा गया है कि क्रोध के कारण स्मृति का नाश होता है, जिसके कारण बुद्धि का नाश हो जाता है और अंत में माया के वशीभूत होने के कारण स्वयं का नाश हो जाता है। इससे हमें यह पता चलता है कि गीता हमें मानवता और भलाई की ही सीख देती है।

अंत में मैं यही कहना चाहता हूँ कि मेरे लिए गीता एक धर्मग्रंथ ने होकर एक मार्गदर्शक है जो सदैव ही मुश्किल समय में मेरा सही मार्गदर्शन करती है। गीता में भी यही लिखा गया है कि जब-जब धरती पर अधर्म और अन्याय का बोलबाला होता है, तभी ईश्वर अवतार लेते हैं और धर्म की रक्षा करते हैं तथा अधर्मियों का विनाश करते हैं। यदि हम किसी भी ग्रंथ का अध्ययन करें और वह मानव और मानवता को सही दिशा की ओर ले जाए, वहीं सदग्रंथ कहलाने योग्य है। मेरी नज़र में गीता इस युग के लिए सर्वाधिक उपयुक्त पुस्तक है जो जनमानस को कर्म के प्रति उन्मुख कर कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

निलय धकाल
कक्षा – ग्यारहवीं

असली विजेता

एक गाँव में मोहन नाम का एक लड़का रहता था। उसके पिताजी एक मामूली किसान थे। एक दिन मोहन के पिताजी ने उसे अपने साथ शहर लेकर गए। वहाँ उन्हें मैदान साफ करने का काम मिला था। उस मैदान में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित होनी थी। मोहन उस मैदान को देखकर बहुत खुश हुआ। उसके मन में भी मैदान में दौड़ की तीव्र इच्छा हुई।

जब पिता और पुत्र दोनों अपने गाँव पहुँचे तो मोहन ने अपने पिताजी से ज़िद करते हुए कहा कि पिताजी हमारे गाँव में ऐसी दौड़ की प्रतियोगिता होनी चाहिए। मोहन की ज़िद मानकर पिताजी ने गाँव के प्रधान के सामने यह प्रस्ताव रखा। ग्राम प्रधान ने खुश होकर उस प्रस्ताव को अपनी सहमति दे दी। कुछ दिनों में प्रतियोगिता की तैयारियाँ शुरू हो गईं। गाँव के आस-पास के बच्चे उस दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अभ्यास करने लगे। मोहन के दादाजी ने इन तैयारियों को देखा। मोहन के मन में उत्साह के साथ-साथ अहंकार का भाव भी आ चुका था कि वह सबसे तेज धावक है और इस प्रतियोगिता में वह ही जीतेगा। दादा जी मोहन के इस अहंकार से बहुत दुःखी थे।

अगले दिन प्रतियोगिता शुरू हुई और मोहन की मेहनत रंग लाई। वह इस प्रतियोगिता का विजेता बन गया। दादाजी ने अगले ही दिन एक और प्रतियोगिता का आयोजन किया और कहा कि मोहन तुम विजेता

हो और इस प्रतियोगिता में तुम्हें अवश्य दौड़ना होगा। मैदान में केवल तीन ही प्रतियोगी खड़े थे। जैसे ही सीटी बजी मोहन तेजी से लक्ष्य की ओर दौड़ा लेकिन उसे आसपास कोई नज़र न आया। वह पीछे पलटा तो देखा कि दोनों प्रतियोगी इधर-उधर भटक रहे हैं। मोहन तुरंत पीछे लौटा और देखा उनमें से एक अंधा है और दूसरा एक पैर से विकलांग। मोहन को यह देखकर उन पर दया आ गई। वह रास्ते से वापस लौट पड़ा। वह तेजी से उनके पास गया और दोनों का हाथ पकड़कर लक्ष्य की ओर ले चला। थोड़ी ही देर में उन दोनों को आगे करके मोहन ने यह जीत उन दोनों प्रतियोगियों के नाम के कर दी।

मोहन के दादाजी यह सब देख रहे थे। उन्हें मोहन का यह व्यवहार देखकर बहुत खुशी हुई। वे अपने स्थान से दौड़कर मोहन के पास पहुँचे और उसे गले से लगा लिया। मोहन के दादाजी ने कहा कि आज सही अर्थों में तुम असली विजेता बने हो।

अर्चित रूथिया
कक्षा – नवमीं

मैं जीत गया

मयूर एक सीधा और सरल स्वभाव का लड़का था। वह होशियार तो था लेकिन उसे अपनी खूबियों के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी। वह एक छोटे से शहर का रहने वाला था। उसकी अपनी ज़िंदगी में कोई बहुत अधिक अपेक्षाएँ नहीं थी। वह लोगों से अपने आप को लेकर कोई शिकायत नहीं करता था। कभी-कभी हमारी ज़िंदगी में कुछ ऐसे लोग आते हैं जो हमारी ज़िंदगी को पूरी तरह से बदलकर रख देते हैं। शायद मयूर के लिए भी कोई ऐसा ही अवसर आने वाला था। उसके माता-पिता उसे हमेशा यही समझाते थे कि जीवन में हमेशा अपने उद्देश्य को ध्यान में रखकर आगे कदम बढ़ाना और ज़िंदगी को कहीं भटकने मत देना। मयूर अपने जीवन में बहुत ही खुश रहने की कोशिश करता रहता था।

मयूर के अध्यापक हमेशा ही उसकी तारीफ करते रहते थे। एक दिन की बात है, मयूर सुबह से ही खुद को बहुत ही निराश-सा महसूस कर रहा था। लेकिन इस सबके बाद भी वह जल्दी-जल्दी तैयार होकर अपने विद्यालय के लिए चल पड़ा। पूरा दिन उसे बहुत अजीब-सा लगता रहा। वह दोस्तों से बातचीत करने के बजाय एकांत में गुपचुप बैठा रहा। उसी समय एक लड़की ने आकर उससे बातचीत की। मयूर को उससे बात करके अच्छा लगा।

